लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए संसद भवन में दो दिवसीय चिंतन शिविर का उद्घाटन किया गया

...

चिंतन शिविर का उद्देश्य सचिवालय के अधिकारियों के बीच नवीन सोच को प्रोत्साहित करना है: महासचिव लोक सभा

...

चिंतन शिविर अधिकारियों के बीच लक्ष्य निर्धारित करने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और पेशेवर विशेषज्ञता विकसित करने के लिए मंच प्रदान करेगा: महासचिव लोक सभा

...

चिंतन शिविर लोक सभा के कर्मचारियों के बीच लीक से हटकर सोच को बढ़ावा देगा: महासचिव लोक सभा

...

***नयी दिल्ली; 24 अप्रैल, 2023*:** लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने आज संसद भवन में लोक सभा सचिवालय के कामकाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए एक चिंतन शिविर का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, श्री सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की कि चिंतन शिविर लक्ष्य निर्धारित करने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने, सचिवालय के अधिकारियों की पेशेवर विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए नवीन सोच को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

यह जिक्र हुए कि इस अनूठी कवायद का उद्देश्य लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों की आत्मा और मन को तरोताजा रखने और लोगों की आकांक्षाओं से जुड़े रहने के लिए प्रशासनिक मुद्दों पर चिंतन करना है, श्री सिंह ने आशा व्यक्त की कि ऐसे शिविर न केवल लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों की दक्षता को बढ़ाएंगे बल्कि सचिवालय के कामकाज में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कवायद से संसद के कामकाज पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जो अंततः भारत के लोगों को बड़े पैमाने पर लाभान्वित करेगा।

एक सरकारी अधिकारी के रूप में अतीत में इस तरह के शिविरों का आयोजन करने और उनमें भाग लेने के अपने पिछले अनुभव का उल्लेख करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा में यह अपनी तरह की अनूठी पहल होगी, जो हर तिमाही में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह प्रयास लीक से हटकर सोच को बढ़ावा देते हैं और टीम-भावना को बढ़ावा देते हैं, क्योंकि अधिकारियों -कर्मचरियों के ग्रुप्स विविध

सेवाओं से लिए गए हैं और प्रत्येक प्रतिभागी विचारों और ज्ञान के आदान-प्रदान से लाभ उठा सकता है। श्री सिंह ने महसूस किया कि वरिष्ठ अधिकारियों की परिपक्वता और अनुभव के साथ-साथ युवा कर्मचारियों की गतिशीलता संगठन के कुशल कामकाज के लिए एक स्वस्थ वातावरण तैयार करेगी। उन्होंने जूनियर कर्मचारियों को इस अवसर का उपयोग संगठन को मजबूत करने के लिए अपने विचारों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित किया और वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

अपनी तरह की इस अनूठी पहल के बारे में अधिक जानकारी देते हुए, श्री सिंह ने अवगत कराया कि प्रतिभागियों को भविष्य की रणनीतियों को विकसित करने और लोकसभा सचिवालय के विजन और मिशन को साकार करने लिए चुने गए विषयों पर चर्चा करने के लिए छोटे समूहों में विभाजित किया गया है । चर्चाओं में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन और प्रोटोकाल, बजटीय प्रक्रिया और वित्तीय विवेक, अंतरशाखा सहयोग के माध्यम से कार्य कुशलता में वृद्धि, आम आदमी तक संसद की पहुँच और क्षमता संवर्धन आदि विषय शामिल होंगे।

श्री सिंह ने प्रतिभागियों को सूचित किया कि माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला शिविर के समापन पर उपस्थित रहेंगे जहां अगले दो दिनों में हुए विचार-विमर्श के परिणाम पर एक प्रस्तुति उनके समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

दो दिनों तक चलने वाली इस अनूठी पहल में लोकसभा सचिवालय के 250 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे , जो विभिन्न सेवाओं और अधिकारियों और कर्मचारियों के सभी रैंक्स से लिए गए हैं।